तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 6 जनवरी 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



08 महिला में छग व पुरूष में एयरफोर्स ने जीता





10 विद्यार्थियों को दी छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा व विभिन्न विषयों पर जानकारी









## अव्यवस्था : डॉक्टरों की कमी से अस्पताल चलाना हुआ मुश्किल, प्रभारी ने थमाया इस्तीफा

# सुपेला अस्पताल कागज में ही 100 बिस्तर का

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सिविल अस्पताल सुपेला 100 बिस्तर का है लेकिन यह कागजों में ही दौड़ रहा है। इसलिए कि सेटअप अभी भी 50 बिस्तर का है। उसके बाद भी डॉक्टरों की इतनी कमी है कि अस्पताल चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार डॉक्टरों की मांग की गई लेकिन उच्च अधिकारयों ने इसे पूरा नहीं किया। नौबत यहां तक आ गई कि अस्पताल चलाने में बेबस होकर प्रभारी अधिकारी ने सीएमएचओ को इस्तीफा थमा दिया है।

### 6 डॉक्टर है लेकिन एक भी एमबीबीएस नहीं

सिविल अस्पताल सुपेला में छह डॉक्टर पदस्थ हैं। सभी डॉक्टर स्पेशलिस्ट हैं। एमबीबीएस डॉक्टर एक भी नहीं है। जिसकी वजह से चिकित्सा सेवाएं बेहद प्रभावित हो रही है। ओपीडी में जनरल बीमारियों को लेकर आने वाले मरीजों को देखने वाला कोई डॉक्टर नहीं है। जिसकी वजह से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

हरिभूमि सरोकार

### स्त्री रोग चिकित्सक एक भी नहीं

सिविल अस्पताल सुपेला में एक भी स्त्री रोग चिकित्सक नहीं है। गर्भवती माताओं को हर सप्ताह चेकअप अनिवार्य किया गया है लेकिन उनकी जांच ही नहीं हो पाती। पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में एक महिला चिकित्सक पदस्थ ही लेकिन वे लंबी छुट्टी पर चली गई है तब से जांच व इलाज नहीं हो पा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के अलावा आसपास से भी महिलाएं इलाज व जांच के लिए आती हैं।

### सोनोग्राफी सात महीने से है बंद

डॉक्टरों की कमी के चलते सात महीने से सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी बंद हो गई है। शासन ने गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी अनिवार्य की है। उसके बाद भी जुलाई महीने से गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी नहीं हो पा रही है। भिलाई निगम क्षेत्र में पटरीपार एरिया में सर्वाधिक महिलाएं यहां इलाज के लिए आती है। लेकिन उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर देते हैं।

### हर दिन 400 मरीजों की ओपीडी

सिविल अस्पताल सुपेला में हर दिन करीब 400 मरीजों की ओपीडी है। जिसमें जनरल बीमारी वाले मरीजों की संख्या ज्यादा है। इसी तरह प्रतिदिन औसतन 40 मरीज भर्ती होते हैं। भर्ती मरीजों को यदि रात में दिक्कतें आई तो विशेषज्ञ डॉक्टर कॉल पर भी नहीं आते। जिसकी वजह से इस अस्पताल में गंभीर मरीजों को रेफर करने और भर्ती नहीं करने के कई मामले सामने आए हैं।

### इस तरह शिफ्टों में लगती है छह डॉक्टरों की ड्यूटी

तीन शिफ्टों में अस्पताल संचालित होती है। एक शिफ्ट में एक-एक डॉक्टर भी ड्यूटी देते हैं तो नाइट ड्यूटी वाले डॉक्टर को दूसरे दिन रेस्ट देना है। इस हालात में केवल पांच ही डॉक्टर बचते हैं। साप्ताहिक अवकाश होने से एक डॉक्टर सप्ताह में और कम हो गए। इस तरह चार डॉक्टर बचे। एक डॉक्टर अमूमन एमएलसी यानी कोर्ट में चले जाते हैं या फिर पोस्टर्माटम में होते हैं। इस तरह केवल तीन डॉक्टर बचे। इनमें से एक डॉक्टर खुद अस्पताल के प्रभारी है इसलिए मैनेजमेंट में होते हैं। अब केवल दो डॉक्टरों के भरोसे इतने बड़े सिविल अस्पताल के मरीजों को किस तरह सेवाएं मिल रही है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### सेटअप के हिसाब से 12 डॉक्टरों की जरूरत

सिविल अस्पताल सुपेला को चलाने के लिए 12 डॉक्टरों की जरूरत है। 100 बिस्तर सेटअप के हिसाब से कम से कम इतने डॉक्टर होना ही चाहिए। हालात इसके विपरीत है। अब भी सालों पुराने ढर्रे यानी 50 बिस्तर अस्पताल के हिसाब से इसे संचालित किया जा रहा है। मरीजों की भर्ती भी डॉक्टरों की कमी की वजह से औपचारिक ही हो पा रही है। थोड़ी भी दिक्कत आई तो मरीजों को जिला अस्पताल रेफर करना पड़ रहा है।

### डीएमएफ से भी नहीं मिले डॉक्टर

जिला कलेक्टर ने डीएमएफ मद से जिला अस्पताल में डॉक्टरों व स्टॉफ की संविदा नियुक्ति की है। लेकिन सिविल अस्पताल सुपेला के लिए एक भी डॉक्टर नहीं भेजे। यहां भी डीएमएफ से ही डॉक्टरों की स्थानीय स्तर पर कमी दूर करने का आश्वासन मिला था। 100 बिस्तर अस्पताल घोषणा के बाद स्वास्थ्य संचालनालय से भी सेटअप के हिसाब से डॉक्टर भेजने की बात कही गई लेकिन यह कोरा आश्वासन ही निकला।

### इस्तीफा दे दिया है

सुपेला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए कई बार उच्च अधिकारियों से निवेदन किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जिसकी वजह से मरीजों की सेवाएं भी प्रभावित हो रही थी। हालात को देखते हुए मैनें अपना इस्तीफा सीएमएचओ को भेज दिया है।

**-डॉ. स्वामी देव भूपेन्द्र ,** प्रभारी अधिकारी सिविल अस्पताल

### नए प्रभारी नियुक्त

सुपेला अस्पताल के प्रभारी डॉ. स्वामी भूपेन्द्र देव का इस्तीफा हमने मंजूर कर लिया है।उनकी जगह डॉ. पियम सिंह को प्रभारी नियुक्त कर दिया है। वे प्रभार संभालेंगे।

**-डॉ. जेपी मेश्राम,** सीएमएचओ

## कोरोना के तीन नए मरीज मिले

**भिलाई।** दुर्ग जिले में शुक्रवार को कोरोना के तीन और नए मरीज मिले है। दुर्ग शहरी में दो जिसमें विद्युत नगर, श्रमिक नगर शामिल है। शहरी भिलाई खुर्सीपार में एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव निकला है। इस तरह अब तक जिले में 38 कोविड पॉजिटिव मरीज मिल चुके है। मरीजों के रोजाना मिलने के बाद एक्टिव मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। राज्य के रिपोर्ट के मुताबिक 27 एक्टिव मरीज है। स्वास्थ्य विभाग रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को 281 लोगों की जांच की गई। जिसमें आरटीपीसीआर 142 व एंटीजेन 139 टेस्ट किए गए।







# ‘ढाई आखर प्रेम का’ पांच दिवसीय सांस्कृतिक यात्रा कल भिलाई से निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**संस्कृतिकर्मी अंचल के कलाकारों से कलाकर्म पर चर्चा कर देंगे प्रेम व शांति का संदेश**



प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए छत्तीसगढ़ आयोजन समिति द्वारा सात जनवरी से 12 जनवरी तक छत्तीसगढ़ में निकलने वाली सांस्कृतिक यात्रा ढाई आखर प्रेम का आधुनिक तीर्थ भिलाई इस्पात संयंत्र के मेन गेट के पास मैत्री स्तंभ से शुरु होकर 10 तारीख को मुक्तिबोध की कर्मस्थली राजनांदगांव में संपन्न होगी। इस दौरान भिलाई दुर्ग सहित अंचल के नामचीन कलाकारों से कला व संस्कृति कर्म पर चर्चा होगी।

इप्टा भिलाई और सहयोगी सास्कृतिक संगठनों की नेहरु सांस्कृतिक संगठनों की यात्रा की तैयारी पर चर्चा हुई। इप्टा के प्रांतीय अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी और राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि देशवासियों को प्रेम और भाईचार का संदेश देने के लिए आयोजित कलाकारों और साहित्यकरों की देशव्यापी ढाई आखर प्रेम का सांस्कृतिक यात्रा के तहत छत्तीसगढ़ में यह यात्रा 7 जनवरी से 12 जनवरी तक निकलेगी। सांस्कृतिक यात्रा की शुरुआत आधुनिक तीर्थ माने जाने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र के मेनगेट के निकट मैत्री स्तंभ से 7 जनवरी को होगी। यहां कलाकार और साहित्यकार जुटेंगे और कबीर के दोहे ढाई आखर प्रेम का तथा जनगीत गायन के बाद संस्कृतिककर्मियों की यह यात्रा प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई के गांव गनियारी पहुंचेगी और संस्कृतिकर्मी उनके पंडवानी कला के बारे में चर्चा के साथ उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करेगी। इसके बाद सेक्टर 1 में मूर्तिकार पद्मश्री जेएम नेलसन, पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले कोहका, काष्ठशिल्पी श्रावण चोपकर सेक्टर 2, डोम व लोक कलाकार शंकर साहू रामनगर व लोककलाकार पुन्नू यादव उमरपोटी से यात्रा के संस्कृतिकर्मी उनका कला पर चर्चा करेंगे। भिलाई से सांस्कृतिक यात्रा 8 जनवरी को दुर्ग पहुंचेगी, प्रसिद्ध लोककला मर्मज्ञ दाऊ रामचंद्र देशमुख के गांव बघेरा और शनिचरी बाजार में लोक कलाकारों और से मुलाकात होगी।

### कलाग्राम थनौद में कलाकारों से होंगे रुबरु

सांस्कृतिक यात्रा 9 जनवरी को कलाग्राम थनौद पहुंचेगी जहां, मिट्टी के दीये और विघ्नहर्ता गणेश व दुर्गा की प्रतिमाएं व अन्य मूर्तियां बनाकर जीविकोपार्जन करने वाले कलाकारों से यात्रा में शामिल रंगकर्मी व साहित्यकार शिल्पकला पर चर्चा करेंगे। इसके बाद रिसामा गांव में रामलीला के कलाकारों और अंजोरा में लोककलाकारों से मिलेंगे। जनवरी का सांस्कृतिक यात्रा मुक्तिबोध की नगरी राजनांदगांव पहुंचेगी । यहां रंगकर्मी हबीब तनवीर के ग्रुप से जुड़ी प्रसिद्ध रंगकर्मी पूनम विराट और अन्य कई कलाकारों से सांस्कृतिक यात्रा में शामिल कलाकार कला, संस्कृतिक और सांप्रदायिक सद्भाव पर चर्चा करेंगे। यात्रा के पड़ाव के दौरान कलाकार अपनी कला की प्रस्तुति व वर्कशाप आदि भी करेंगे। इसमें स्कूली बच्चे भी शामिल होंगे। राजनांदगांव से 11 जनवरी को यात्रा रायपुर, रायगढ़ फिर 12 जनवरी को अंबिकापुर में समाप्त होगी।। रंगकर्मी मणिमय मुखर्जी व राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य बुद्ध, महावीर कबीर, नानक व गुरु घासीदास के शांति व प्रेम के संदेश को जन जन तक पहुंचाना है। भगत के जन्म दिवस 28 सितंबर को निकली सांस्कृतिक यात्रा 22 राज्यों से होते हुए गांधी की पुण्यतिथि 20 जनवरी को राजघाट दिल्ली में समाप्त होगी। तैयारी की बैठक में रंगकर्मी मणिमय मुखर्जी, राजेश श्रीवास्तव, बीबी परगनिहा, गोपाल शर्मा, लोकबाबू, जय कसेर, जयराम भगवानी, निकिता, साहित्यकार लोकबाबू, परमेश्वर वैष्णव व विमल शंकर झा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### महिला के खाते से लाखों रुपए की ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** महिला के खाते से लाखों रुपए का ठगी के मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रसियन कॉम्पलेक्स सेक्टर-7 निवासी हरि प्रिया का खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में है। खाते में आनलाईन फिक्स डिपाजिट किया था। महिला ने 6 अलग-अलग किस्तों में 4 लाख 32 हजार रुपए जमा किए थे। महिला ने शिकायत में पुलिस को बताया कि एफडी की मैच्युरिटी से पहले ही उनकी जानकारी के बिना प्रीमेच्योर कर अलग अलग किश्तों में 4 लाख 27 हजार 240 रुपए उनके खाते में ट्रांसफर किया गया। फिर खाते से बिना जानकारी बैंक ने 3 लाख 60 हजार रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर किया। महिला ने दिसम्बर 2023 को अपना ट्रांजेक्शन डिटेल चेक करने पर घटना की जानकारी उन्हें मिल पाई। महिला पहले बैक पहुचकर शिकात किया लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया। उसके बाद महिला पुलिस में शिकायत दर्ज करने पहुंची।

- भिलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

## संयुक्त यूनियन ने प्रदर्शन के बाद बोरिया मार्केट में की सभा

# 84 माह बाद भी अपूर्ण है वेज रिवीजन, कर्मियों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




84 महीना बीत जाने के बाद भी सेल प्रबंधन द्वारा हजारों कर्मचारियों के वेतन समझौता को पूर्ण किए जाने से असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने अब आंदोलन की राह पकड़ ली है। संयुक्त यूनियन ने प्रदर्शन के बाद अब बोरिया मार्केट में सभा कर 29 व 30 जनवरी की औद्योगिक हड़ताल को सफल बनाने की अपील बीएसपी कर्मचारियों से की।

उल्लेखनीय है कि वेतन समझौता में प्रबंधन की लेटलतीफीलेट लतीफी और एनजेसीएस की बैठक ना बुलाने ए खिलाफ 29 एवं 30 जनवरी 2024 को हड़ताल का निर्णय लिया है। हड़ताल को सफल बनाने संयुक्त यूनियन प्लांट और इसके बाहर कर्मियों को जागरुक कर रहे हैं। संयुक्त ट्रेड यूनियन सेक्टर 4 बोरिया मार्केट में सभा कर कर्मचारियों के बीच पर्चा बांटे और हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। सभा में यूनियन नेताओं ने कहा कि 39 माह का एरियर कर्मचारियों का हक है क्योंकि वेतन समझौता के दौरान हुए एमओयू के अनुसार 1 जनवरी 2017 से 31 मार्च 2020 के बीच का बढ़ा हुआ बेसिक एवं महंगाई भत्ता का अंतर को एरियर के रूप में दिया जाना है । लेकिन प्रबंधन सरकार के अफॉर्डेबिलिटी क्लाज का हवाला देते हुए घाटे के वर्षों का बढ़ा हुआ वेतन न देने की बात कह कर एरियर को नहीं देने का रास्ता अपना रही है। ज्ञात हो कि यह दसवां वेतन समझौता है अभी तक हुए नौ वेतन समझौता में वेतन समझौता के बाद कर्मचारियों को पूरा एरियर दिया गया पहली बार कर्मियों के एरियर पर रोक लगाया जा रहा है ।

### कर्मचारी विरोधी फैसले

संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि वेतन समझौता की अवधि शुरू हुए 7 साल बीत जाने के बाद भी रात्रि पाली भत्ते का निराकरण नहीं करना 2014 जुलाई से हाउस रेंट अलाउंस का निराकरण नहीं करना कर्मियों को 1970 से प्राप्त असीमित ग्रेच्युटी के अधिकार पर एक तरफ रोक लगाना की में सभी यूनियनों के विरोध करने के बावजूद प्रबंधन मनमर्जी तरीके से 23000 रुपया कर्मियों के खाते में बोनस के रूप में डाल देना ठेका श्रमिकों के पूर्ण वेतन समझौता को दिल्ली के स्तर पर करने के लिए तैयार न होना आदि प्रबंधन के द्वारा लिए जा रहे कर्मचारी विरोधी फैसले हैं ।

### कर्मियों को हो रहा नुकसान

यूनियन लगातार बैठक कर वेतन समझौता को संपन्न करने की बात कई बार प्रबंधन के सामने रख चुका है किंतु प्रबंधन ऐसा करने के लिए तैयार नहीं है ज्ञात हो कि 30 जून की हड़ताल के पहले प्रबंधन ने केवल 22 जून को 1 दिन के लिए वर्चुअल बैठक बुलाया था किंतु लगातार 27 जून तक 6 दिन वर्चुअल बैठक किया । प्रबंधन चाहे तो लगातार बैठक बुलाकर वेतन समझौता को पूर्ण कर सकता है किंतु जानबूझकर देरी कर रहा है ।

**मिली नई जिम्मेदारी**

# दया बने अयोध्या राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



अयोध्या राममंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई विविध कार्यक्रम आयोजित करेगा। इन कार्यक्रमों के लिए जिला व मंडल स्तर पर समितियां गठित की गई है। जिला समिति के जिला संयोजक दया सिंह को नियुक्ति किया गया है। दया भिलाई नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष है। इसके पहले विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश भाजपा ने विभिन्न कार्यक्रमों के लिए भी जिम्मेदारी सौंपी थी। जिनका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया था।

SONALIKA
LEADING AGRI EVOLUTION
AGRO SOLUTIONS
CHALLENGER HEAVY DUTY
ROTARY TILLER
- Challenger rotary tiller offers best in class pulverization and hence optimum seed germination.
- Best in class pulverization & hence optimum Seed germination.
- Ensures excellent cutting and mixing of crop residue.




Authorised Dealer
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

**राष्ट्रीय सायकिल पोलो का समापन, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दी ट्रॉफी**

# महिला में छग व पुरूष में एयरफोर्स ने जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




भिलाई स्टील प्लांट सायकिल पोलो क्लब भिलाई एवं छत्तीसगढ़ सायकिल पोलो एसोसिएशन के तत्वावधान में हो रहे राष्ट्रीय सायकिल पोलो मैच का समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। समापन समारोह की अध्यक्षता भिलाई के महापौर नीरज पाल ने की। विशेष अतिथि भिलाई स्टील प्लांट प्रमुख अनिर्बान दास गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि डोंगरगढ़ पूर्व विधायक विनोद खांडेकर व साजा पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, एस स्वामीनाथन, जितेंद्र सपकाले, रघुवेन्द्र सिंह, गजानंद बुराडे व तुलसी साहू व उपस्थित थी।

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह सबसे पहले फाइनल महिला और पुरूष टीम से मिले व सभी खिलाड़ियों को बेहतर भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। महिला और पुरूष दोनों वर्ग का फाइनल मैच देखा। महिला वर्ग फाइनल में छत्तीसगढ़ ने केरल को 16-4 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में इंडियन एयरफोर्स ने टेरिटोरियल आर्मी को 15- 6 से हराया। शुक्रवार को कुल 3 मैच में खेला गया। जिसमें पहला मुक़ाबला तीसरे स्थान के लिए खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने इंडियन आर्मी को 11-8 से हराया।

डॉ. रमन ने अपने भाषण में सबसे पहले सायकिल पोलो के 2005-06 में हुए भारत और पाकिस्तान के मैच के बारे में बताया उस रोमांचक मुकाबले में भारत की जीत आज तक याद है और आज छत्तीसगढ़ की महिला टीम के खेल को देखते हुए ऐसा लगा कि ये बालिकाएं भारतीय टीम प्रतिनिधित्व कर सकती है। वहीं पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ को प्राप्त तीसरे स्थान प्राप्त होने पर और अधिक मेहनत करने की बात कही। पुरूष वर्ग के फाइनल मैच के उपविजेता टेरिटोरियल आर्मी एवं विजेता टीम इंडियन एयर फोर्स को बधाई दी।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार पहले की तरह सभी खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिये सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करेगी और सायकिल पोलो के इस अविस्मरणीय आयोजन के लिये एसोसिएशन के सभी सदस्य और भिलाई स्टील प्लांट को साधुवाद दिया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी निशु पाण्डेय ने बताया कि भिलाई स्टील प्लांट निदेशक प्रभारी अनिर्बान दास गुप्ता ने 8 राज्यों से आए सभी 160 खिलाड़ियों का स्वागत करते हुऐ कहा कि भिलाई स्टील प्लांट स्टील निर्माण के साथ खेल के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर रही है। हमें गर्व है कि भिलाई का खिलाड़ी अपने अच्छे प्रदर्शन से देश और दुनिया मे अपना सकारात्मक नाम कर रहा हैं। इस सम्पूर्ण आयोजन में खिलाड़ियों को दिये जाने वाले सभी पुरस्कार स्व. दलजीत सिंह बेदी जी की स्मृति में दिये गये जो करमजीत सिंह बेदी के पिता थे। वहीं प्रमोद सिंह और अतुल चंद साहू ने सायकिल पोलो के इस आयोजन को सफल बनाने 4-4 सायकिल दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रमेश श्रीवास्तव ने 160 खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था की वही भिलाई स्टील प्लांट सायकिल पोलो क्लब की और से 8 राज्यों से आये ऑफिसर के रहने और खाने की व्यवस्था की गयी। छत्तीसगढ़ के भिलाई में हो रहे इस राष्ट्रीय आयोजन में भिलाई इस्पात संयंत्र सायकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष व ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह के साथ छत्तीसगढ़ सायकल पोलो एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष- डॉ रमेश श्रीवास्तव, सचिव -पी एम कान्हे,उपाध्यक्ष- करमजीत सिंह बेदी , ई .वी सुनील ,प्रमोद सिंह अतुल चंद साहू ,एस.के. टिंगुरिया, एस.वी. नंदनवार ,सोमनाथ श्रीवास , योगेश कुमार गुप्ता, सहसचिव - वी.आर. चन्नावार , देव प्रकाश वर्मा , कोषाध्यक्ष - तोषेन्द्र कुमार वर्मा आदि शामिल थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-



बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

आज तेरहवीं



स्व. श्री चन्द्रेश्वर महतो
विधि के विधान एवं कालचक्र की गति को शिरोधार्य करते हुए सादर सूचना प्रेषित है कि मेरे पूज्य पति श्री चन्द्रेश्वर महतो का स्वर्गवास दिनांक 26/12/2023 दिन-मंगलवार को हो गया है। जिनका तेरहवीं का कार्यक्रम निम्नानुसार है :-
कार्यक्रम
शांति भोज
दिनांक 06/01/2024 दिन शनिवार
समय : दोपहर 2 बजे से
निवास स्थान : शिवाजी नगर, मदन मोहन मालवीय स्कूल के पीछे, कुरूद रोड, कोहका, भिलाई (छ.ग.)
अत: उक्त कार्यक्रम में आपकी सहभागिता प्रार्थनीय है।
-: विनीत :-
श्रीमती केसरी देवी (पत्नि)
श्री संजय महतो, श्री राजु महतो (पुत्र)
एवं समस्त महतो परिवार

### किशोरी से छेड़खानी, तीन साल का सश्रम कारावास

**भिलाई।** किशोरी के साथ हुए छेड़खानी करने के मामले में न्यायालय दुर्ग सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी श्रीमती संगीता नवीन तिवारी की न्यायालय ने आरोपी ग्राम महुदा अमलेश्वर निवासी भुनेश्वर साहू उर्फ विक्रम को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 8 के तहत 3 साल का सश्रम कारावास, 500 रुपए अर्थ दंड और अर्थदंड न दे पाने की स्थिति में एक माह अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा दी है। घटना 15 जुलाई 2023 की है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी भुनेश्वर साहू ने किशोरी को अकेली पाकर उसके साथ छेड़खानी और अश्लील हरकत करने लगा। घटना के 6 माह पूर्व किशोरी को आरोपी रास्ता रोक भी था। आरोपी अक्सर किशोरी को जबरन परेशना किया करता था। 15 जुलाई को घटना के समय किशोरी अपने माता पिता को चिल्लाने पर सब घखर के बाहर निकले। इसके आरोपी भुनेश्वर अपने कोहनी से उन लोगों को मारने का प्रयास कर रहा था। परेशान होकर परिजनों ने घटना की शिकायत अमलेश्वर पुलिस से की गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### फिर पकड़ाया अवैध चावल तस्कर



**भिलाई।** लंबे समय से सरकारी राशन दुकानों से चावल की तस्करी जारी है। जिसे रोकने पर खाद्य और पुलिस अमला नाकाम साबित हो रही है। मिली जानकारी के मुताबिक टोल प्लाजा राईस मिल के पास छोटा हाथी में 20-20 कट्टा का चॉवल लदकर आ रहा था। दो वाहन चालक वेद प्रकाश गुप्ता और शंकर साहू थे। दूसरे वाहन में 10-10 क्विंटल चॉवल लदा हुआ था। मौके पर पहुचकर खाद्य विभाग ने तुरंत पकड़ लिया। वाहनों को जप्त कर मोहन नगर पुलिस थाने में रखा गया है। खाद्य विभाग की टीम में एरिया इंस्पेक्टर रेणु जागड़े, सुरेश कुमार साहू, आशुतोष चंद्राकर की टीम ने कार्रवाई की गई। भिलाई-दुर्ग में पीडीएस चॉवल की तस्करी अर्से से हो रहा है। जिसे रोकने वाला विभाग के सांठगांठ से ही यह अवैध कारोबार जारी है। राशन दुकान संचालकों की सेटिंग के चलते यह कारोबार बेखौफ तरीके से शहर में जारी है। गरीबों के चावल पर अवैध कारोबारी डाका डालने में भी पीछे नहीं हट रहें है। खबर लिखे जाने तक विभाग स्पष्ट नहीं कर पाई है कि यह चॉवल किसका है और कहां ले जाया जा रहा था। फिलहाल विभाग जांच के बाद ही कुछ खुलासा कर सकती है।

CHANGE OF NAME
It is informed to the general Public that, MAHAVIR SHANTILAL JAIN s/o SHANTILAL JAIN, residence of Bhilai (C.G.) have changed my old name MAHAVIR SHANTILAL JAIN s/o SHANTILAL JAIN so in future I should be recognized by my new name that is MAHAVIR JAIN s/o SHANTILAL JAIN in all Government and other documents.
MAHAVIR JAIN
172, New Civic Centre, Bhilai, Dist.- Durg, Chhattisgarh - 490006

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : 9406004581
बिलासपुर : 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर से की मुलाकात

**अंडा।** राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ प्रदेश प्रभारी प्रमोद जैन सक्षम जन फाउंडेशन के हरि सिंह सोलंकी, संरक्षिका सुमन ठाकुर, नीमा पनरिया, नीतू, पूजा गौ सेवकों ने दुर्ग जिले की नई कलेक्टर को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। कलेक्टर ने गौ सेवकों को हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### कलश यात्रा निकाली



**भिलाई।** संतोषी पारा, विवेकानन्द नगर, यादव मोहल्ला, वार्ड नं 33 में शिव महापुराण कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा महिला समिति के द्वारा निकाली गई। यात्रा कथा पंडाल से बैकुंठ धाम मंदिर तक विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए वापस कथा स्थल तक पहुंचे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद शैलजा राजू, रूखमणी यादव, चमेली यादव, सोनी यादव, सुनीता साहू, योगिता साहू, जमुना यादव, रजनी यादव, लोकेश्वरी यादव, अनिता यादव, रंभा जांगडे, शिप्रा रे, छाया शील, अध्यक्ष नमिता यादव, कोषाध्यक्ष पिंकी बंजारे, सचिव पुष्पा यादव एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सिरसा गेट का बेरिकेड अचानक गिरा

**भिलाई।** सिरसागेट में स्थित बेरिकेट अचानक गिरने से आने जाने वाले लोग बाल बाल बच गए। इस बेरिकेट को एनएसपीसीएल ने बनाया था। जो पुरैना मार्ग में लगाया गया है। जहां से ग्राणीणों का आना जाना लगा रहता है। फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई है।इस मार्ग से ही सैकड़ों की संख्या से लोगों का आना जाना लगा रहता है। कई रेलवे, बीएसपी, एनएसपीसीएल कर्मी भी यहीं से आते जाते है।

### निधन

#### लता चौधरी

**निकुम।** ग्राम निकुम निवासी लता चौधरी उम्र 73 वर्ष का 5 जनवरी को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमंत चौधरी की मां थीं।



## रामभक्त गाजे बाजे के साथ निकाल रहे हैं शोभायात्रा

# अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर अक्षत व निमंत्रण पत्र का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर अक्षत व निमंत्रण पत्र वितरण सभी स्थानों पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड क्र 8 कुमारी बस्ती में राहुल वर्मा, वार्ड क्र 15 हाउसिंग बोर्ड में अनुराग गुप्ता एवं पार्षद रागिनी निषाद के नेतृत्व में महिलाओं ने निमंत्रण पत्र वितरण का जिम्मा संभाला हुआ है। जहां भारी संख्या में महिलाएं घर-घर जाकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए निमंत्रण पत्र देकर पास के मंदिर में एकत्रित होने के साथ ही 22 जनवरी को घर को दीपों से सजाकर आतिशबाजी कर दिवाली मनाने अपील कर रही है।

इस दौरान महिलाओं ने कहा कि मोहल्ले के मंदिर में एक साथ इकट्ठा होकर कीर्तन भजन करें, एलईडी लगाकर उसमें सामूहिक अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखकर जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होकर प्रभु श्री रामचंद्र की आरती हो तो एक साथ मोहल्ले वाले सभी लोग मिलकर के आरती करें। नगर में भारी कौतूहल का माहौल है चारों तरफ प्रभु श्री राम का गुणगान हो रहा है रामभक्तों की महिला एवं पुरुष की टोली अक्षत वितरण कर प्रभु श्री राम के मंदिर के छायाचित्र एवं आमंत्रण पत्र देकर सभी को निमंत्रित कर रहे हैं।

### श्रीराम के जयकारे की रही गूंज



### निमंत्रण देने निकली टोली



**कुम्हारी।** 1 से 15 जनवरी तक चलने वाले निमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जारी है। कुम्हारी नगर के रामनगर वार्ड 7 में टोली बनाकर ढोलक, मंजीरा, भजन, कीर्तन द्वारा यह पुनीत कार्य किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से रघुनाथ देशमुख, सुजीत यादव, परदेशी साहू, रामप्रसाद साहू, राजू यादव, ईश्वरी यादव, नरेंद्र यादव, ईश्वर साहू, ढोलक मास्टर विनोद यादव, ढोलक मास्टर गोल्डन, दादू साहू, दुर्गेश साहू, महिला समिति से दुर्पति साहू, गीता निर्मलकर, मीना देशमुख, गंगा मढ़रिया, रूखमणी धनकर, वागेश्वरी साहू, प्रमिला साहू, रानी यादव, फुलेश्वरी सिन्हा एवं सरस्वती निर्मलकर सहित अन्य मोहल्ले वालों ने हिस्सा लिया।

### 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने निकल रही है रामभक्तों की टोली



**भिलाई।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला के प्राण- प्रतिष्ठा के आयोजन को अपने गली-मौहल्लों में एकत्रित होकर एलईडी में लाईव प्रसारण देखने के साथ ही राम जन्मोंत्सव मनाने व शाम को घरों में दीप जलाकर दीपावली मनाने अक्षत देकर निमंत्रण दिया जा रहा है। अक्षत निमंत्रण देने इस्पात नगर रिसाली वार्ड क्रमांक 30 में श्री राम जानकी दरबार व भारत माता के तेलचित्र व गाजे बाजे के साथ प्रत्येक घर घर जाकर अक्षत व मंदिर की फोटो देकर निमंत्रण पत्र दिया गया। इस अवसर पर एक खुली जीप में बाल रूप में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी को बैठाया गया था। इस्पात नगर की ही महिला मानस मंडली टीम भजन कीर्तन करते हुए वाद्यों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व इस्पात नगर इकाई के कार्यक्रम प्रभारी रमेश शर्मा ने किया। इस दौरान संध्या मंडलोई, एस ममता राव, पदम प्रसाद तिवारी, पं पूर्णेंदु तिवारी, पुजारी जोशी महाराज, दीपक मिश्रा, पार्षद सविता धवस, प्रेमलता गौटिया, राजेंद्र सिंह, गीता मिश्रा, ममता राव, धनजय चतुर्वेदी, आभा शुक्ला, गिरिजा मेहता, मीना मेहता सहित काफी संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

## भोलेनाथ पशुओं के नाथ इसलिए उन्हें पशुपतिनाथ कहा जाता है: संत निरंजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम मोहदींपाट में चल रहे नौ दिवसीय भागवत कथा में संत निरंजन महाराज ने सति चरित्र व शिव-पार्वती विवाह उत्सव का प्रसंग सुनाया। उन्होंने ने कहा कि भगवान भोलेनाथ संसार के सभी पशुओं के नाथ थे इसलिए उन्हें पशुपतिनाथ भी कहा जाता है।

कथावाचक ने कथा की व्याख्या करते हुए कहा कि कामदेव प्रेम व कामेच्छा के देवता है। वह मनुष्य को अपने कामवेग से अपनी ओर खींचते है, लेकिन भगवान का सच्चा भक्त काम को भी अपने दृढ़ विश्वास और आस्था से पराजय कर सकता है।



■ सति चरित्र व शिव-पार्वती विवाह उत्सव का कथा प्रसंग सुनाया

शिव सती प्रसंग पर कथा कहते हुए संत श्री ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गई। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान नहीं मिले, वहां कदापि नहीं जाना चाहिए। किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं, वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर नही जाना चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही घर क्यों न हो।

कथा के दौरान शिव-पार्वती के विवाह की मनोहर झांकी का भी प्रदर्शन किया गया। आज की कथा में ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र और कल गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बाली की व्याख्या की जाएगी। यह जानकारी लखन लाल देवांगन और सरपंच सुशीला देवांगन ने दी।

## क्षेत्र के विकास में समाज का अभिन्न योगदान: रिकेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न समाज से विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। सेन ने कहा कि विभिन्न समाजिक संगठनों के सहयोग से ही सर्व समाज का विकास संभव है। सामाजिक संगठनों के माध्यम से दिया गया संदेश भी काफी दूर तक जाता है और लोगों को बेहतर समझ भी आता है। इसलिए वैशाली नगर विधानसभा में विभिन्न समाज में विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है क्योंकि हर समाज के उत्थान और सुदृढ़ विकास में ही वैशाली नगर विधानसभा का समुचित विकास निहित है।

■ वैशाली नगर विधानसभा में विभिन्न समाज से विधायक सेन ने बनाए प्रतिनिधि

**ये बने प्रतिनिधि:** विधायक सेन द्वारा इस संबंध में जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार हरविंदर सिंघ सिक्ख समाज, मुन्ना मोहन कुकरेजा सिंधी समाज, विश्वकर्मा समाज से अंकालू विश्वकर्मा, अग्रवाल समाज से अंशुल अग्रवाल, श्वेताम्बर जैन समाज से अंकित जैन, दिगंबर जैन समाज से अलोक जैन, कसौंधन वैश्य समाज से नीतू गुप्ता, मालवीय सोनकर समाज से अशोक सोनी, देवांगन समाज से यादराम देवांगन, निषाद समाज राजेश चौधरी, क्षत्रिय राजपूत समाज से प्रदीप सिंह वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में अपने समाज में विधायक प्रतिनिधि बनाए गए हैं। विधायक रिकेश सेन ने प्रतिनिधियों को निर्देशित किया है कि वो अपने समाज को बुराइयों से दूर रखते हुए शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सम्पन्नता के लिए राज्य और केंद्र सरकार की जनोपयोगी नीतियों से प्रत्येक सदस्य को जोड़ते हुए भाजपा की रीति नीति अनुरूप क्षेत्र और समाज के विकास में महती भूमिका निभाएं।

## सीएम कार्यक्रम का पार्किंग प्लान

**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कार्यक्रम शनिवार को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में होना है। जहां पहुचने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने का प्रयास किया गया है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले वाहनो के लिए अलग अलग दिशाआ में पार्किंग चिन्हित की गई है। भारी वाहनों को दुर्ग शहर में प्रवेश पूर्णत: 6 जनवरी को प्रतिबंधित रखा गया है। इस दौरान आम सभा स्थल रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में भारी संख्या में आम नागरिको मौजूद रहेगें। इसके लिए वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है। जिसमें एमआईपी कार पास पार्किंग मंच के पीछे सुराना कॉलेज के सामने, व्हीआईपी कार पास पार्किंग सुराना कॉलेज में, मीडिया पास वाहन पार्किंग मानस भवन, सामान्य पार्किंग नाना-नानी पार्क, सामान्य पार्किंग गोडवाना भवन, सामान्य पार्किंग हॉकी स्टेडियम, सामान्य पार्किंग कन्या स्कूल, बाइक पार्किंग नाना-नानी पार्क से स्टेडियम के किनारे, बालोद, राजनांदगांव, पाटन से आने वाले वाहन चालक जेल तिराहा से पार्किंग हॉकी स्टेडियम, गोडवाना भवन में, कवर्धा, बेमेतरा, साजा, धमधा की ओर से आने वाले वाहन चालक नाना-नानी पार्क में वाहन पार्क, अहिवारा, वैशाली नगर, भिलाई नगर से आने वाले वाहन चालक नाना-नानी पार्क में वाहन पार्क करेगे।

## सभी वर्गों के हितों की गारंटी, ये मोदी की गारंटी है: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर ग्राम खम्हरिया पाटन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल रहे। ग्रामीणों ने सांसद विजय बघेल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी ने शिविर के माध्यम से केन्द्र सरकार की अनेकों योजनाएं बनाई हैं जो अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे व आमजनों तक इसका लाभ मिले। छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगियों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। वहीं बीपी, सुगर,सिक्लिन की जांच कर दवाई मुफ्त में दिया गया।

सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य ये है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के अंतिम छोर के व्यक्ति तक केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। विकसित देशों में भारत खड़ा होगा जितने भी विकसित देश है चीन, जापान जैसे इन सबसे ऊपर उठकर हमारा देश होगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य घनश्याम, सरपंच, उपसरपंच एवं कोमल वर्मा, संतोष, शिक्षक, प्राचार्य सहित ग्रामवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### लेबू इलेक्ट्रिक टु व्हीलर व थ्री व्हीलर के प्रबंध निर्देशक पियूष ने की मुलाकात

**भिलाई।** कमला मोटर्स गंज पारा दुर्ग में भारत देश की पांचवे नम्बर की बैटरी चलित वाहनों की कंपनी लेबू इलेक्ट्रिक टु व्हीलर एवं थ्री व्हीलर के प्रबंध निर्देशक पियूष त्यागी अपने दल बल के साथ छत्तीसगढ़ की धरातल में पैर पसारने के लिए सौजन्य मुलाकात की। इस एमओएम में लेबू इलेक्ट्रिक व्हीलर के प्रबंध निर्देशक पीयूष त्यागी, नेशनल हेड श्री निवास शेखर, डिप्टी जनरल मैनेजर नितिन जैन, जमीर खान स्टेट हेड एवं कमला मोटर्स के संचालक कैलाश बरमेचा, सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, हेड मेकेनिक संतराम निर्मलकर, मेकेनिक किशोर निषाद इत्यादि सम्मिलित होकर मीटिंग को एक नया आयाम प्रदान किये।





### भारती विश्वविद्यालय ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय एवं भारती चिकित्सा महाविद्यालय व चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में नि: शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन कोलिहापुरी में आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. आशीष चंद्रवंशी और डॉ. मंजू रानी चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं जूनियर डॉक्टरों के 3 समूहों ने ग्राम में भ्रमण कर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया और निदान के लिए चिन्हांकित मरीजों का शिविर स्थल में विधिवत उपचार कराकर नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। शिविर के आयोजन में ग्राम पंचायत कोलिहापुरी के सरपंच ज्वाला प्रसाद देशमुख का संरक्षण एवं ग्राम सचिव निमेष कुमार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जानकारी के मुताबिक भारती विश्वविद्यालय और भारतीय चिकित्सा महाविद्यालय व चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन समाज एवं राष्ट्र सेवा के उद्देश्य व जनकल्याण की भावना से भारती ग्रुप के संयुक्त संचालक जय चंद्राकार के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा किया गया।

## पप्पू हत्याकांड के मास्टर माइंड ने न्यायालय में किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कांग्रेस नेता पप्पू यादव हत्याकांड का फरार मास्टर माइंड ने दुर्ग न्यायालय में सरेंडर किया है। आरोपी का नाम मंगल देवार है जो घटना के बाद से फरार था। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। अब इस घटना में सात आरोपी पकड़े जा चुके है। एक अब भी फरार होना बताया गया है। नेवई पुलिस ने अब तक हरीश साहू, अमन महार, करन उर्फ दादू देवार समेत अन्य तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया था। मंगल फरार था। शुक्रवार को न्यायालय में मंगल सरेंडर किया है। पुलिस ने इसका रिमांड लिया है। गौरतलब हो कि नेवई थाना क्षेत्र में 25 नवंबर को पप्पू यादव पर प्राणघातक हमला करने आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पप्पू को गंभीर अवस्था में रायपुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया था। उपचार के बाद उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने तुरंत दो आरोपी हरीश साहू और अमन किंग को गिरफ्तार किया। उसके बाद 4 को गिरफ्तार किया। उसके बाद मंगल न्यायालय में सरेंडर किया है।

■ नेवई थाना क्षेत्र की घटना

■ अब तक सात आरोपी पुलिस गिरफ्त में है


## भिलाई निगम के नए आयुक्त डीके ध्रुव ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ उपनेता प्रतिपक्ष ने मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर की चर्चा

नगर पालिक निगम भिलाई के नव नियुक्त आयुक्त डीके ध्रुव ने पदभार गहण किया। शुक्रवार को उन्होंने विधिवत कामकाज संभाला। डीके ध्रुव के पदभार ग्रहण करने के बाद निगम के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने डीके ध्रुव को बधाई दी और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डीके ध्रुव द्वारा भिलाई निगम के आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण करने के मौके पर उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने उनसे सौजन्य मुलाकात कर बधाई दी। साथ ही भिलाई शहर की मौजूदा समस्याओं के साथ ही अपने वार्ड की समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया।



# 10 करोड़ की लागत से लगेगा प्लांट, साठ वार्ड होंगे जगमग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर से रोजाना निकलने वाले लाखों टन कचरे का संधारण किए जाने के लिए निगम द्वारा करीब दस करोड़ रुपए के निष्पादन प्लांट लगाया जाएगा। इससे कचरा डंप करने की समस्या दूर होगी। शुक्रवार को एमआईसी की बैठक में इसके आलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए है।

महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में डाटा सेंटर में एमआईसी सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ शहर के विकास कार्यों व साफ सफाई व्यवस्थाओं को लेकर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आहूत की गई। बैठक में अधिकारियों के साथ विद्युत विभाग, जलकार्य अमृत मिशन कार्य, स्वास्थ्य विभाग व लोक कर्म विभाग और अन्य विषयों का एजेंडों पर संकल्प पारित किया गया। महापौर ने कहा कि शहर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत मेसर्स लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग प्रालि कोल्हापुर द्वारा जल आवर्धन का कार्य किया गया था, जिसे निरस्त किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कुछ विद्युत पोल में एलईडी लाईट खराब है एवं बहुत से नवीन विद्युत पोल में लाईट नहीं लगी है। जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार शिकायत कर लाईट लगाने की मांग की जा रही है। जिस पर वार्ड 1 से 60 तक लाईट क्रय करने पर राशि 299.15 लाख खर्च होगें। बैठक में लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, जयश्री जोशी, हमीद खोखर, अनूप चंदनिया, जमुना साहू सहित अन्य मौजूद रहें।

## शुक्रवार को एमआईसी की बैठक में लिए गए कई फैसले

### वार्ड के खंबों में लगेंगी एलईडी लाइटें

इसी प्रकार वार्ड 56 बघेरा सरकारी स्कूल के पास ट्यूबलर पोल लगाने का कार्य स्थल विवाद के कारण किया जाना संभव नहीं है। इसे अब वार्ड कं 29 पॉलिटेक्निक कालेज के पास कार्य एवं वार्ड 35 नयापारा चौक से नरेन्द्र गुप्ता के घर तक ट्यूबलर पोल लगाने का कार्य स्थल विवाद के कारण किया जाना संभव नहीं है। ट्यूबलर पोल लगाने का कार्य का स्थल परिवर्तन कर गंजपारा स्थित सी-मार्ट के सामने शीतला मंदिर के पास कार्य के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।



### प्लेसमेंट में होगी कर्मचारियों की भर्ती

स्वास्थ्य विभाग नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सड़क सफाई व नाली सफाई कार्य मे प्लेसमेंट कर्मचारियो को नियमित रूप से वेतन भुगतान एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। जिसका कार्य अवधि 29 फरवरी 23 को समाप्त हो रही है। मार्च 2024 आगामी वर्ष हेतु प्लेसमेंट कर्मी को वेतन भुगतान करने व सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूर्व की भांति कलेक्टर दर पर 75 कुशल व उच्चकुशल मानव संसाधन प्रदाय कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति दी गई। 6 सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छता श्रृंगार योजना में शामिल करने का प्रस्ताव एमआईसी की मुहर लगी।

## खबर संक्षेप



### संभागायुक्त राठौर ने पदभार ग्रहण किया

दुर्ग। दुर्ग संभाग के नव पदस्थ आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2008 बैच के अधिकारी श्री राठौर दुर्ग संभाग के 11 वें आयुक्त होंगे। निवर्तमान संभागायुक्त जनक प्रसाद पाठक आईएएस ने श्री राठौर को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात संभागायुक्त श्री राठौर ने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में निर्वतमान संभागायुक्त श्री पाठक को विदाई दी गई। वहीं नव पदस्थ संभागायुक्त श्री राठौर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास, अजय मिश्रा तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता



दुर्ग। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आज अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यो के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने निर्धारित समय अवधि में अपने कार्यो को बेहतर ढंग से संपादित करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित करने को कहा। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### अब 31 तक कर सकते है विवाह के लिए आवेदन

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-ग्रामीण द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन 14 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य होना संभावित है। परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत प्रति जोड़े हेतु कुल 50 हजार रूपये व्यय किये जाने का प्रावधान हैए जिसमें 21 हजार रूपये वधु को चेक अथवा खाते में, 21 हजार रूपये विवाह भेंट सामग्री एवं शेष राशि विवाह आयोजन में व्यय किया जाना है। योजनांतर्गत आवेदन करने की पात्रता हेतु वर 21 वर्ष व वधु 18 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए। योजना हेतु पात्र इच्छुक आवेदक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पांच बिल्डिंग परिसर कार्यालय में संपर्क कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी गई है।

### अधिवक्ताओं ने सीएम से की मुलाकात

दुर्ग। नववर्ष के बेला मे विधि प्रकोष्ठ भाजपा भिलाई के संयोजक बृजेन्द्र कुमार गुप्ता अधिवक्ता एवं विधि प्रकोष्ठ भिलाई के सदस्य गण संजय सिंह, प्रकाश शर्मा, मीना सुशील, उत्तम चौधरी, असीम सिंह, संजय शुक्ला व अरुण राजपूत अधिवक्ता गण द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाक़ात कर उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दी।

### निधन

#### उर्मिला बघेल

दुर्ग। कसारीडीह पुराना पोस्ट



ऑफिस गली निवासी श्रीमती उर्मिला बघेल 76 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे एलआर बघेल की पत्नी और बीएसपी कर्मी स्व जितेंद्र बघेल व अधिवक्ता धीरेंद्र बघेल की माताजी थीं।

## बदलाव : सोसायटियों में जमे कांग्रेस नेताओं की विदाई, बैठे अफसर

# जिले की 87 सोसायटियों से हटे प्राधिकृत अधिकारी, अफसरों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अध्यक्ष से लेकर सोसायटी में जमे प्राधिकृत अधिकारी कुर्सी से हट गए है। इस आशय का आदेश जारी होने के बाद सोसायटियों में सहकारिता पंजीयक द्वारा सरकारी अफसर (ओआईसी) नियुक्त कर दिए गए है। इस तरह धान की खरीदी अफसरों के भरोसे होगी।

उल्लेखनीय हैं कि, बैंक का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव नही कराया गया था। कांग्रेस की सरकार सत्ता में आने के बाद अपने चेहेतों को मनोनयन के आधार पर प्राधिकृत बना दिया गया था। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा की सरकार ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष से लेकर सोसायटी में बैठे प्राधिकृत अधिकारियों को विगत दिनों इस्तीफा देने के निर्देश दे दिए थे। जिसके चलते धान खरीदी के बीच कुर्सी खाली हो गई थी। इस बीच जिला सहकारी संस्था के पंजीयक द्वारा सभी 87 सोसायटी में सरकारी अधिकारी नियुक्त कर दिए गए है। माना जा रहा हैं कि, इस बार धान की खरीदी नौकरशाहों के भरोसे चलेगी।

**खास बातें**

- जिले में सोसायटियों पर अफसरों का कब्जा
- कुर्सी मिलने के बाद भी मौन बैठे भाजपा के नेता
- जिला सहकारी बैंक में कलेक्टर प्राधिकृत अधिकारी

### सोसायटियों में धान खरीदी के बीच नियुक्त किए गए अधिकारी



### कुर्सी खाली, भाजपा नेता मौन

विगत दिनों लंबे समय से सोसायटियों के कुर्सी को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं में द्वंद युध्द चलता रहा है। लेकिन सत्ता परिवर्तन होने के बाद भी जिला सहकारी बैक में अध्यक्ष और सोसायटियों में प्राधिकृत बनने भाजपा के नेता रूचि नही दिखा रहे है। ऐसा माना जा रहा हैं कि, आगामी दिनों लोकसभा चुनाव होने के चलते भाजपा के नेता स्टंट नही ले रहे है। ऐसे में इन कुर्सियों पर अफसरों का ही कब्जा रहेगा।

### ब्रांच मैनेजर से लेकर आडिटर नियुक्त

जिले के सोसायटियों में प्राधिकृत अधिकारियों के हटने के बाद सहकारी संस्थाएं द्वारा बैंक के ब्रांच मैनेजर और सहकारिता के डीआर को बैंक में ओआईसी नियुक्त कर दिया गया है। धान खरीदी के बीच प्राधिकृत हटते ही डीआर द्वारा अधिकारी नियुक्त करने की खबर सामने नही आ पाई। सूत्रों ने बताया कि, पिछले 15 दिसंबर से ही धान खरीदी सोसायटी में डीआर द्वारा अधिकारियों को नियुक्त कर दिया गया है। अब लोस चुनाव के बीच बैंक का चुनाव संभव नही है। ऐसे में भाजपा अगर चाहे तो अपने लोगो को मनोनयन कर सकती है। क्योकि कांग्रेस द्वारा अधिनियम बदले गए थे।

### निर्णय का इंतजार

राज्य शासन के निर्णय के अनुसार आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। कांग्रेस ने सहकारिता में गंदगी फैलाई है। जिसके चलते ही सहकारिता पिछले दिनों बुरे दौर से गुजरा है।- **प्रीतपाल बेलचंदन,** पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक

# लोस चुनाव के पहले तैयार होगा प्रशासनिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



आईटी पार्क लांच किए जाने के संबंध में शुक्रवार को भिलाई आईआईटी में 11 कंपनी और तकनीकि इंजीनियरों और जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में मैराथन बैठक रखी गई। इस दौरान निर्णय लिया गया हैं कि, लोकसभा चुनाव के पहले प्रशासनिक भवन का संचालन शुरू किया जाएगा। जिसके बाद बडी कंपनियां द्वारा युवाओं को बेसिक ट्रैनिंग देने प्रशिक्षण शुरू कर दिया जाएगा।

- दुर्ग में आईटी पार्क को लेकर विभिन्न विषयों पर

उल्लेखनीय हैं कि, विगत दिनों दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव व आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश के अगुवाई में जमीन का निरिक्षण किया गया था। इस दौरान शहर के पालीटेक्निक कालेज से कुटकुट पालन तक फैले करीब 80 एकड जमीन का चिन्कांन किया गया था। इसी के तहत दूसरे चरण की बैठक पांच जनवरी को आईआईटी भिलाई में आयोजित थी। बैठक में आडाणी, जिंदल व रिलायंस सहित ग्यारह कंपनियां बैठक में वीडियों कांन्फेसिंग के जरिए जुडे थे। इस दौरान कंपनियों ने युवाओं को बेसिक ट्रैनिग देने से लेकर आईटी पार्क में सेटअप तैयार करने सहमति दी है। आगामी दिनों यूएस के कंपिनयों से भी चर्चा करने प्लानिंग बनी है। तीसरे चरण की बैठक पन्द्रह दिन बाद फिर होने की जानकारी मिली है।

### तैयार बिल्डिंग बनेगा प्राशासनिक भवन

बैठक में निर्णय लिया गया है कि, कामकाजी महिला भवन और ट्रांजिस्ट भवन का उपयोग आईटी पार्क के तहत प्रशासनिक भवन के रूप में उपयोग किया जाएगा। चर्चा यह भी हुई कि आगामी चुनाव के पहले प्राशसनिक कार्य शुरू होने के बीच प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके आलावा जमीन हस्तांतरण जल्द किए जाने पर सहमति बनी है।

### प्रक्रिया आगे बढ़ी

आज दूसरे चरण की बैठक आईआईटी भिलाई में आयोजित थी। इस दौरान निजी कंपनियों ने आईटी पार्क के लिए रूचि दिखाई है। चुनाव के पहले प्राशासनिक भवन शुरू करने का प्रयास रहेगा। **-गजेन्द्र यादव,** विधायक, दुर्ग

# विद्यार्थियों को दी छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा व विभिन्न विषयों पर जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के भूविज्ञान विभाग के

- आत्मानंद शासकीय स्कूल में कार्यक्रम



विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास देशमुख ने बताया कि स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल, दीपक नगर में पर्यावरण एवं भूविज्ञान विषय के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भूविज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थी अध्यन सोलंकी, काजल खरे, पोषण साहू, करूणा भोयर, पद्मिनी पाल, नवीन यादव, दीक्षा साहू, वर्षा चतुर्वेदी एवं तिलोत्तमा साहू ने दसवी एवं बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों को खनिज, चट्टानों, ज्वालामुखी, छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा एवं पर्यावरण संबंधी विभिन्न विषयों पर जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान अतिथि विद्वान डॉ. विकास स्वर्णकार, निखिल वर्मा एवं कु. सना सिद्दीकी ने भूविज्ञान की शाखाओं, भूवैज्ञानिक समय पैमाना एवं भूविज्ञान विषय में रोजगार के अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर दैनिक जीवन में भूविज्ञान का महत्व विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें कु. हेतल वासनिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शेफाली सोनी ने छात्रा को पुरस्कार प्रदान किया एवं आशा व्यक्त की कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं भूविज्ञान विषय के प्रति रूचि बढ़ेगी।

### छात्रवृत्ति के लिए 15 तक आवेदन

दुर्ग। जिले में संचालित मान्यता प्राप्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि वे पोस्टमैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट पर शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# नृत्यांजलि-वैल्यू एडेडकोर्स में छात्राओं ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा नृत्यांजलि (वैल्यू एडेड कोर्स) का आरंभ हुआ।

- शास्त्रीय नृत्य के विषय में मिलेगी आधारभूत जानकारी



उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के डॉ. जी. रथीश बाबू (नाट्याचार्य-नृत्यति कला क्षेत्रम) ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रीय नृत्यों के माध्यम से भारतीय परम्परा संरक्षित होती है। जीवन अनुशासित होता है। यह लय, ताल और संतुलन को बनाये रखता है।

प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने कहा कि इस सर्टिफिकेट कोर्स से अन्य संकाय की छात्राओं को भी सीखने मिलेगा। शास्त्रीय नृत्य परंपराओं के विषय में उन्हें आधारभूत जानकारी मिल सकेगी।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि लगभग 65 छात्राओं ने इसके लिये पंजीयन कराया है जिसमें वे भरतनाट्यम के शास्त्रीय एवं सैद्धांतिक पक्ष की सामान्य जानकारी सीखेंगी। उनके लिए विषय-विषेषज्ञों को आमंत्रित किया जायेगा जिसमें नृत्य के इतिहास एवं नृत्य के शारीरिक एवं मानसिक लाभ तथा वर्तमान स्थिति पर प्रकाष डाला जायेगा। इस अवसर पर सुश्री अनामिका मिश्रा, मौसमी, निषा गुप्ता, उर्वषी निर्मल एवं चारूलता देशमुख ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

### विश्वविद्यालय की पुरुष शतरंज टीम रवाना

दुर्ग। हेमचंद् यादव विश्व विद्यालय दुर्ग शतरंज पुरुष टीम अंतर विश्व विद्यालय



टूर्नामेंट में भाग लेने यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलाजी मेघालय के लिए रवाना हुई। जानकारी देते खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बताया कि साइंस कालेज दुर्ग में ट्रेनिंग कैंप लगाकर टीम को रवाना किया गया है। यह अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट मे भाग लेने वाली हेमचंद् यादव विश्व विद्यालय की 35 वी टीम थी। टीम के मैनेजर गिरधर देशमुख एवं कोच शुभम सोनी है। कुलपति डॉ अरुणा पल्टा एवं कुलसचिव भुपेद्र कुलदीप ने टीम को शुभकामनाएं दी है।

# स्टेडियम निर्माण एवं शिवनाथ रिवरफ्रंट की सौगात दें सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ मंच ने मुख्यमंत्री के प्रथम दुर्ग आगमन पर खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई की शहरवासियों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए रविशंकर स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं शिवनाथ रिवरफ्रंट की सौगात मुख्यमंत्री देंगे । मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने कहा कि विधायक गजेंद्र यादव से इसके लिए पहल करने व इन मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के लिए किसी जनप्रतिनिधि ने उचित पहल नहीं की पूर्व में राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे ने इसके नवनिर्माण के लिए पहल की थी। परंतु प्रदेश में शासन बदलने के कारण यह योजना ठंडे बस्ती में चली गई ।

- छत्तीसगढ़ मंच ने मुख्यमंत्री से की मांग

इसी तरह शिवनाथ तट मे सौंदर्यीकरण एवं लक्ष्मण झूला हेतु लगभग 30 करोड़ की राशि पूर्व शासन में स्वीकृत हुई थी परंतु बाद में लक्ष्मण झूला निर्माण को रद्द कर शिवनाथ रिवर फ्रंट के लिए राशि स्वीकृत की घोषणा हुई थी। परंतु अब तक इस दिशा में कोई भी प्रगति नहीं होने से शहरवासियों में निराशा व्याप्त है। क्योंकि शिवनाथ सौंदर्यीकरण होने से शहरवासियो को एक नया पिकनिक स्पॉट के रूप में सौगात मिलेगा ।

प्रदेश के सबसे सुंदर तट में शिवनाथ महमरा घाट की गिनती होती है। छत्तीसगढ़ मंच के तुलसी सोनी, दिनेश जैन, रमन सिंह, त्रिलोक सोनी, हरीश सोनी, संजय खंडेलवाल, बाबूभाई, युनुस चौहान, गुरमीत सिंग भाटिया सहित अन्य लोगो ने विधायक गजेंद्र यादव से इस दिशा में पहल करने की मांग की है।

## निगम में कांग्रेस सरकार ने चार साल की गिनाई उपलब्धियां

# चार साल में विकास की दिशा में सराहनीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम में कांग्रेस परिषद के चार वर्ष पूर्ण होने पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा है कि, परिषद के कार्यकाल में दुर्ग शहर विकास की दिशा में आगे बढा है। यहां सौंदर्यीकरण से लेकर पेयजल, पिकनीक स्पाट व गौरव पथ सहित अनेक कार्य हुए है।

- परिषद ने शहर विकास को लेकर रखा खाका

श्री बाकलीवाल ने कहा है कि, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में चार वर्ष के अंतराल में शहर के विकास, सौंदर्गीकरण, पेयजल विद्युत व्यवस्था की दिशा में कई कार्य किए गए है। जिसमें ठगडा बांध पिकनिक स्पाट, गौरव पथ सौंदर्याकरण, शहर की भीतरी गलियों में सड़को व नालियों का निर्माण, निगम मुख्यालय में मोतीलाल वोरा सभागार, वोरा सहित शहीदों की प्रतिमाओं की स्थापना व 18 पेयजल टंकियों को भरने चार पंप, 6 हजार नये नल कनेक्शन सहित अन्य कार्य शामिल है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिवनाथ रिवर फ्रंट, एस्ट्रोटर्फ मैदान व कचरा निष्पादन के लिए प्लांट लगाने का काम प्रस्तावित है।



फाइल फोटो

### सस्ती दवा से जनता को मिला लाभ

स्लम स्वास्थ्य योजना का सुचारू संचालन, धनवंतरी दवा दुकान से सस्ती दवाओं की उपलब्धता, सी-मार्ट से पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देना जैसे कामो ने सीधे जनता को लाभ पहुँचाया है। 350 से अधिक पशुपालकों से 61.00 लाख की गोबर खरीदी कर 7500 क्विंटल से अधिक खाद बने, शहर के 10 हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, क्लीनिक एवं डायग्योस्टिक सेंटर को चिन्हांकित कर 50% छूट के साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विभिन्न वर्ग को मांगलिक कार्यक्रमों हेतु 50 प्रतिशत छूट का लाभ दे रहे है।

### ठगड़ा बांध बना पिकनिक स्पॉट

कुशल कार्य के चलते प्लेसमेंट एवं एमसीसी कर्मचारियों को 15 प्रतिशत बोनस राशि देकर प्रोत्साहन दिया। विकास कार्यों के निष्पादन में भी निगम नें चार वर्षों में कोई कमी नही छोड़ी गई। यहां सड़क नाली, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को जनता के लिए सुनिश्चित करने के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया गया। इसके आलावा ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट निर्माण, शंकर नाला सुदृढिकरण, शहर के 6 प्रमुख तालाबों के सौंदर्याकरण की पहल, नवीन पाईप लाईन में शिफ्ट करने 13 करोड़ स्वीकृत व फुट वेंडर जोन, वृक्षारोपण जैसे कार्य किए गए।


मा. बृजमोहन अग्रवाल
मंत्री - स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति
मा. दयालदास बघेल
मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री
मा. टंकराम वर्मा
मंत्री - खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
मा. रामविचार नेताम
कृषि मंत्री
मा. ओ.पी. चौधरी
वित्त मंत्री
मा. लखन लाल देवांगन
उद्योग मंत्री
मा. श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री
मा. केदार कश्यप
वन मंत्री
मा. लक्ष्मी राजवाड़े
महिला एवं बाल विकास मंत्री
मा. रिकेश सेन
विधायक, वैशाली नगर
मा. डोमनलाल कोर्सेवाड़ा
विधायक, अहिवारा
मा. गजेन्द्र यादव
विधायक, दुर्ग शहर
मा. ललित चंद्राकर
विधायक, दुर्ग ग्रामीण
मा. ब्रजेश बिचपुरिया
जिलाध्यक्ष, भिलाई
मा. जितेन्द्र वर्मा
जिलाध्यक्ष, दुर्ग
कार्यकर्ता अभिनन्दन समारोह
छत्तीसगढ़ में आप सभी के अथक मेहनत एवं प्रयास से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, प्रदेश भाजपा द्वारा आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता बंधुओं एवं भगिनियों का
अभिनंदन समारोह
दिनांक : 06 जनवरी 2024, शनिवार
समय : दोपहर 12 बजे
स्थान : पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम, दुर्ग
मेरे प्रेरणास्त्रोत
मान. विष्णुदेव साय
(मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन)
के प्रथम दुर्ग नगर आगमन पर एवं पधारे समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत... वंदन...
अभिनंदन
विनीत :- राहुल दीक्षित, जयदीप सिंग, आयुष्मान झा, हिमांशु पर्वत, अश्वनी यदु, अभिषेक गुप्ता, अवि गुप्ता, शिव राज ताम्रकार, क़ीमत लहरी, राहुल दासन, सत्येन्द्र पांडेय, जॉब बेंशन, गिरी नायडू, गुलशन दिल्लीवर, शुभम् मानिकपुरी, मोंटी सोनी, अमितेश सिंह, राम कुमार, सात्विक तिवारी, रमेश यदु, नवजोत सिंह, रवि कश्यप, केतन शर्मा, गुरसिमरान सिंह, रविकांत सोनी, राहुल श्रीवास्तव, रोहित श्रीवास्तव, देवांश कुमार साहू।
अतुल पर्वत
अध्यक्ष - भिलाई कैन डू, पर्वत फाउंडेशन
आपका सेवक
भिलाई नगर, भाजपा कार्यकर्ता


भाजपा
कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह
संभाग-दुर्ग
दिनांक - 6 जनवरी 2024, शनिवार (दोप. 2 बजे)
स्थान - रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग (छ.ग.)
विनीत : समस्त भारतीय जनता पार्टी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)